विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र. 650 की जानकारी

[17/12/2019]

प्रश्न सं. [क्र. 650]

परि : 1

कार्यालय शास.मॉडल उ.मा.वि.खुरई जिला–सागर (म.प्र.)

क्र॰/परीक्षा/2019/437

प्रति,

खुरई दिनांक 18.02.2019

श्रीमान् अधिष्ठाता,

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय

जबलपुर म.प्र.

विषय :– कृषि महाविद्यालय खुरई की आवास/शैक्षणिक व्यवस्था अन्यत्र किये जाने विषयक्।

संदर्भ:– जिला शिक्षा अधिकारी सागर के द्वारा बैठक दिनांक 18.02.2019में दिये गये निर्देशानुसार।

——0000——

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भानुसार लेख है कि शास.मॉडल उ.मा.वि.खुरई में 01 मार्च 2019 से मण्डल परीक्षा (हाईस्कूल / हायर सेकेण्ड्री 2019) प्रारंभ हो रही है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के आदेशानुसार इस विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें हाईस्कूल के 564 तथा हायर सेकेण्ड्री के 369 छात्र /छात्राऐं सम्मिलित हो रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी महोदय सागर की बैठक दिनांक 18.02.2019 में प्राप्त निर्देशानुसार कृषि महाविद्यालय की छात्रावास (आवास) व्यवस्था को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे मण्डल परीक्षा निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

अतः छात्रावास एवं शैक्षणिक कक्षों को खाली कराने का कष्ट करें।

प्राचार्य

शास.मॉडल उ.मा.वि.खुरई

जिला–सागर (म.प्र.)

पृ. क्र॰/परीक्षा/2019/

खुरई दिनांक 18.02.2019

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खुरई की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी सागर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्रीमान संकुल प्राचार्य शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट उ.मा.वि.खुरई की ओर सूचनार्थ।

प्राचार्य

शास.मॉडल उ.मा.वि.खुरई

जिला–सागर (म.प्र.)

सहायक संचालक

संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास

भोपाल म.प्र.

अनुभाग अधिकारी (2)

मध्य प्रदेश शासन,

कृषि विभाग, मंत्रालय, भोपाल.

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र. 650 की जानकारी परि : 2

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी खुरई जिला सागर म.प्र.

कमांक क/प्रवा–2/अनु./2019/1395 खुरई,दिनांक 16/8/.2019

प्रति,

प्राचार्य
अटलबिहारी वाजपेयी ,
कृषि महाविद्यालय खुरई

विषय :– शा.मॉडल हा.से.स्कूल खुरई के भवन के प्रथम तल पर अटलबिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय खुरई के संचालित करने की अनुमति के संबंध में ।

संदर्भ :– आपका पत्र 287 दिनांक 14.08.2019

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र में अटलबिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय खुरई के संचालन के लिए मॉडल हा.से.स्कूल खुरई के भवन में प्रथम तल पर संचालित करने की अनुमति चाही गई है । उक्त संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खुरई से प्रतिवेदन लिया गया है। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सशर्त के कृषि महाविद्यालय संचालेन के लिए प्रतिवेदन दिया गया है ।

अतः विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए अटलबिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय खुरई के संचालन के लिए शा.मॉडल हा.से.स्कूल खुरई के प्रथम तल पर संचालित करने के लिए दिनांक 01.08.2019 से जुलाई. 2020 तक निम्न शर्तो के अधीन अनुमति प्रदान की जाती है :–

- महाविद्यालय के प्रथम तल पर प्रवेश निकास द्वार पृथक किया जावे इस हेतु भवन के उत्तरी द्वार से सीढ़ियों की व्यवस्था की जाना चाहिए ।
- प्रथम तल पर उपलब्ध कक्षों मे से कुल 08 (आठ) कक्षों में उक्त महाविद्यालय संचालन हेतु दिये जा रहे हैं ।
- विद्यालय में आयोजित होने वाली माध्यमिक परीक्षा मंडल भोपाल की वार्षिक परीक्षाओं ,शासकीय प्रशिक्षणों एवं अन्य कार्यकमों हेतु आवश्यकतानुसार कक्षों को पुनः उपलब्ध कराया जावें ।
- महाविद्यालय छात्रों को आवास/छात्रावास प्रदान न किया जावें ।
- प्रथम तल पर भवन की सुरक्षा,संरक्षण एवं रख रखाव का ध्यान रखते हुए छात्रों को अनुशासित रखा जावे ।

अनुविभागीय अधिकारी
खुरई जिला सागर म.प्र.
अनुविभागीय अधिकारी
खुरई, जि.सागर(म.प्र.)

पृ.कमांक क/प्रवा–2/अनु./2019/1395 खुरई,दिनांक 16/8/2019

प्रतिलिपि :–

- कलेक्टर महोदय, सागर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
- प्राचार्य शासकीय मॉडल हा.से.स्कूल खुरई की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
- विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खुरई की ओर सूचनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी
खुरई जिला सागर म.प्र.
अनुविभागीय अधिकारी
खुरई, जि.सागर(म.प्र.)

सहायक संचालक
संचालनालय
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
भोपाल (म.प्र.)

DK3

अनुभाग अधिकारी (2)
मध्य प्रदेश शासन,
कृषि विभाग, मंत्रालय, भोपाल

Scanned by CamScanner